# S.C.No.—2001502

## B. A. EXAMINATION, 2023

(Main/Re-appear/Improvement)

(Fifth Semester)

HINDI (Compulsory)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : **80**

**नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **7×2=14**

(क) द्वीप हैं हम ! यह नहीं है शाप । यह अपनी नियति है ।

हम नदी के पुत्र हैं । बैठे नदी की क्रोड़ में ।
वह बृहद् भूखंड से हमको मिलाती है ।
और वह भूखंड अपना पितर है ।



(ख) औषधियों के ये अंगराग
ब्रह्मकमल की यह व्यक्तित्व गन्ध
नदियों के यज्ञोपवीत
हवाओं की ये माधवी रागनियाँ
और एकान्त में धरोहर-सा रखे जा रहा हूँ
हिमलाय का यह इन्द्र-मुकुट ।

(ग) लोग शान-शौकत दिखाते हैं
दुनिया भर के चिथड़े जोड़कर
मुझको बस इतने ही चाहिए
खुला रहे बदन जिन्हें ओढ़कर ।

(घ) मेरे सामने मक्कारी में बदल गई
सभ्यता फैलाने वाले चेहरे की तपस्या
उसने उस वृक्ष को गांजा और कहा
यह एक तोरण एक मंच
और एक सिंहासन के लिए काफी है
कुल्हाड़ियों के जुलूस से पहले
जब वह उसे आंज रहा था
पक्षी आए
और बुरी तरह चिंचियाने लगे ।

2. 'गुलाम बनाने वाले' कविता का कथ्य स्पष्ट कीजिए । 10

अथवा

'जब आदमी आदमी नहीं रह पाता' कविता का सार लिखिए ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर 150-150 शब्दों में दीजिए : 4×4=16

(क) 'नाच' कविता का सार लिखिए ।

(ख) 'मंत्र-गंध और भाषा' कविता का उद्देश्य लिखिए ।

(ग) 'प्रेत का बयान' कविता का मुख्य भाव लिखिए ।

(घ) 'धूप' कविता का सार लिखिए ।

(ङ) 'चक्रव्यूह' कविता का उद्देश्य लिखिए ।

(च) 'स्वतंत्र जुबान' कविता में कवि क्या कहना चाहता है ?

4. छायावाद की प्रवृत्तियों को लिखिए । 10

अथवा

समकालीन कविता की विशेषताएँ लिखिए ।



5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5+5=10

(क) नई कविता की **दो** विशेषताएँ लिखिए ।

(ख) भारतेन्दु युगीन कविता की दो प्रवृत्तियाँ लिखिए ।

(ग) द्विवेदी युग की दो प्रवृत्तियाँ लिखिए ।

(घ) प्रयोगवाद का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5+5=10

(क) पत्र लेखन के भेद लिखिए ।

(ख) संक्षेपण में कौनसे नियमों का ध्यान रखना चाहिए ?

(ग) पल्लवन लेखन की विशेषताएँ बताइए ।

(घ) अच्छे पत्र लेखन की विशेषताएँ लिखिए ।

7. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : 1×10=10

(i) दीपक किससे भरकर गर्वीला व मदमस्त हो रहा है ?

(ii) कवि कलाकारों के रुकने का क्या परिणाम हो सकता है ?

(iii) कवि की दृष्टि में उत्सव क्या है ?

(iv) कवि को किसका सिन्दूर तिलकित भाल याद आता है ?

(v) खुशीराम की मृत्यु का क्या कारण बताया गया ?

(vi) लोगों ने कवि को किधर भागते हुए देखा होगा ?

(vii) 'वैदेही वनवास' किसने लिखा ?

(viii) 'अंधा युग' की कथा किससे जुड़ी है ?

(ix) संक्षेपण की भाषा कैसी होनी चाहिए ?

(x) पल्लवन में किस कार्य की स्वतंत्रता नहीं होती है ?

https://www.